दिनांक 24 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पटेल चौक के पास पाइपलाइन संधारण कार्य का आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लिया जायजा , समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने दुर्ग के पटेल चौक के पास किए जा रहे पाइपलाइन संधारण कार्य का जायजा लिया! उन्होंने जल कार्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि पाइपलाइन लीकेज संधारण का कार्य अति महत्वपूर्ण है, कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण हो इसका ध्यान रखें! उन्होंने पूर्व में हुए पाइपलाइन लीकेज की जानकारी ली! अधिकारियों से पूछा कि पाइप कितनी पुरानी है, शिवनाथ नदी से आने वाली पाइप लाइन की लंबाई एवं पुराने पाइपलाइन अधिक जर्जर होने की अवस्था में नई पाइप लाइन परिवर्तन करने को लेकर चर्चा की ताकि आगामी भविष्य में समस्या न हो! मरम्मत कार्य के लिए वाहन एवं अन्य संसाधन की जानकारी ली इस पर अधिकारियों ने बताया कि सभी संसाधन का उपयोग कर मरम्मत कार्य किया जा रहा है! श्री रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हो सके इसके लिए अधिकारियों से काफी देर तक फील्ड में ही चर्चा की! बता दें कि पटेल चौक दुर्ग के पास ही शिवनाथ नदी से आने वाले मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण सोमवार को शटडाउन लिया गया है! कार्य शीघ्र हो इसके लिए मिट्टी की खुदाई पूर्व से प्रारंभ कर दी गई थी! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जल कार्य विभाग के अधिकारी स्वयं मौके पर रहकर संधारण कार्य करा रहे हैं!

जनसंपर्क अधिकारी